### एक नजर

## पुलिस, राजस्व व वनकर्मियों ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

**सोहागपुर।** शहर में मंगलवार दोपहर पुलिस विभाग की प्रेरणा से पुलिस कर्मियों, राजस्व कर्मियों एवं वन विभाग के कर्मचारियों ने शहर के मुख्य मार्ग पर तिरंगा बाइक रैली निकाली। जिसमें अन्य विभागों के कर्मचारियों सहित आम नागरिक एवं भाजपा नेता तथा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। तिरंगा बाईक रैली शहर के सभी मुख्य एवं अंदरूनी मार्गो से निकाली गई। टीआई ऊषा मरावी एवं एएसआई गणेश राय से प्राप्त जानकारी अनुसार रैली दौरान हर घर तिरंगा अभियान के लिए नागरिकों को प्रेरित किया गया। तिरंगा बाईक रैली का समापन थाने में किया गया। जहां एसडीओपी संजू चौहान, टीआई ऊषा मरावी व अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों, भाजपा नेताओं व आम नागरिकों ने तिरंगा थामकर भारत माता की जय तथा तिरंगा अमर रहे नारे लगाए। इस दौरान एसडीओपी संजू चौहान, टीआई उषा मरावी, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, पार्षद रविशंकर उईके, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, आरआई गुलाबचंद उईके, पटवारी अशोक इवने तथा वन विभाग से दुष्यंत मीना, इलयास खान, राजकुमार कुमरे, दीपक राजपूत, मनीष चौधरी आदि उपस्थित थे।

# ऑपरेशन सिंदूर में विज्ञान बना हथियार : डॉ . शर्मा

## भारत माता की जय के साथ पाकिस्तानी ड्रोन और 6 जेट विमानों को नष्ट करने का चलित मॉडल दिखाया



प्रदर्शनी के दौरान श्री कमल सिंह तोमर ने वीडियो कॉल के माध्यम से जयपुर स्थित रिटायर्ड कर्नल महेद्र सिंह से बच्चो का संवाद कराया । श्री अनिल सिंह तथा प्रिया सिंह ने रक्षा विज्ञान अनुसंधान में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की बात कही ।

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 12 अगस्त** राफाल, एल- 70 एयर डिफेंस सिस्टम, जू-23 मिमी गन् शिल्का गन, एस -400 सुदर्शन वायु रक्षा प्रणाली के चलित मॉडल के साथ पाकिस्तानी ड्रोन को नष्ट करते हुये विद्यार्थी उत्साह के साथ भारतीय सेना के प्रति अपने आदर को व्यक्त कर रहे थे । भारत माता की जय के उदघोष के साथ पाकिस्तानी ड्रोन और 6 जेट विमानो को नष्ट करने का चलित मॉडल की मदद से दिखाया जा रहा था । यह सब ईश्वर रेस्टॉरेंट सभागर मे आयोजित ने जय जवान, जय विज्ञान प्रदर्शनी मे प्रयोगों के माध्यम से दिखाया जा रहा था। प्रदर्शनी का उदघाटन विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष श्री पंकज चौरे ने किया ।

इस अवसर पर डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति ने युद्ध लड़ने के तरीके को बदल दिया है। जय जवान के बाद जय विज्ञान का नारा आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से युद्ध कौशल में आये बदलाव को बता रहा है । समय के महत्व को बताते हुये उन्होंने कहा कि समय तो सोना है । विशिष्ट अतिथि इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष श्री पंकज चौरे ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से रक्षा क्षेत्र में रिसर्च के माध्यम से अब सीमित हथियारों से भी बढ़त हासिल की जा सकती है। अतिथि के रूप मे उपस्थित श्री राकेश जाधव, श्री जयकिशोर चौधरी , श्री राहुल चौरे, श्री नीलेश जैन तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । कार्यक्रम के आयोजक राजेश पाराशर ने कहा कि वर्तमान में युद्ध में ड्रोन को एक महत्वपूर्ण हथियार बना दिया गया है, ड्रोन युद्ध ने साबित कर दिया है कि लड़ाई हवा में होने का समय आ गया है । ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी भूमिका निभाने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के पात्र बनी मनस्वी मिश्रा तथा अंशिका पांडे ने ऑपरेशन सिंदूर मे सेना के पराक्रम की जानकारी दी । ये रेनबो पब्लिक स्कूल की विद्यार्थी हैं । एम एस नरवरिया ने कहा कि प्रदर्शनी का आयोजन बच्चो मे सैन्य विज्ञान के महत्व को बताने किया गया ।कार्यक्रम संयोजक श्री के एम दुबे ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के समय इस प्रदर्शनी के आयोजन से देश भक्ति के भावना को और अधिक जाग्रत किया जा सकेगा ।प्रदर्शनी के दौरान श्री कमल सिंह तोमर ने वीडियो कॉल के माध्यम से जयपुर स्थित रिटायर्ड कर्नल महेद्र सिंह से बच्चो का संवाद कराया । श्री अनिल सिंह तथा प्रिया सिंह ने रक्षा विज्ञान अनुसंधान में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की बात कही । प्रदर्शनी मे श्री हरीश चौधरी ने मिसाईल चलाने के प्रयोग का संचालन किया ।

## नपाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखा कर तिरंगा यात्रा को किया रवाना

**नर्मदापुरम** शासन के निर्देशानुसार स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग नगरपालिका परिषद द्वारा हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता को लेकरमंगलवार को विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। वाहन रैली को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव सहित सभापति पार्षदगणों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।रैली के आगे चल रहे आटो में स्वच्छता के गीत तथा राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत गीत बजाए जा रहे थे ।स्वच्छता रैली ने समूचे नगर में स्वच्छता का संदेश देते हुए भ्रमण किया। साथ ही नगर पालिका परिषद में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जिसमें नपाध्यक्ष द्वारा अपने हस्ताक्षर कर शुरूआत की गई ।इस अवसर पर पार्षद सभापतिगण, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव,पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर, पूर्व पार्षदगण सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।सभी ने जोश जज्बे के साथ रैली को रवाना किया। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नपा अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में हर घर स्वच्छता को लेकर रैली का आयोजन किया

# बुजुर्ग बाघ की हुई एसटीआर में मौत



नवभारत न्यूज

**सोहागपुर, 12 अगस्त** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक बुजुर्ग नर बाघ मृत अवस्था में पाया गया। तथा रिजर्व प्रबंधन ने संभावना जताई है कि बाघ की मृत्यु अन्य बाघ के साथ लड़ाई में हुई है। मंगलवार को ही मृत बाघ का अंतिम संस्कार किया गया है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सहायक संचालक अंकित जामोद ने मामले में देर शाम प्रेसनोट जारी किया। प्रेसनोट के अनुसार मंगलवार सुबह लगदा बीट में गश्ती दल ने नाले में बाघ का शव देखा तथा रिजर्व अधिकारियों एवं कामती परिक्षेत्र अधिकारियों को सूचना दी। तत्काल उप संचालक, डॉग स्क्वायड नर्मदापुरम, वन्यजीव चिकित्सक, मढ़ई रेंजर, डिप्टी रेंजर व अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा बाघ के शव का चिकित्सकों ने परीक्षण किया। मुख्य वन संरक्षक, उप संचालक तथा तहसीलदार एवं एनटीसीए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बाघ का अंतिम संस्कार किया गया। अधिकारियों के अनुसार बाघ के सभी अंग सुरक्षित हैं तथा इसका विसरा जांच के लिए लिया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि वन में युवा बाघ अपनी टेरिटरी बनाता है तो अन्य बाघों के साथ उसकी टेरिटोरियल फाइट होती है। जिसमें कमजोर बाघों की मृत्यु तक होती है। ताजा घटना टेरिटोरियल फाइट का परिणाम हो सकती है।

# कलेक्टर की अगुवाई में तिरंगा बाइक रैली आयोजित



नवभारत न्यूज

**हरदा, 12 अगस्त** देश प्रेम, एकता, देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को बाइक रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने मोटर सायकिल की सवारी कर बाईक रैली का शुभारम्भ किया। यह बाइक रैली हर घर तिरंगा यात्रा का संदेश देते हुए मिडिल स्कूल ग्राउण्ड से प्रारम्भ होकर तिवारी कोचिंग, अस्पताल चौराहा, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, राठी पेट्रोल पम्प, नारायण टॉकीज, चाण्डक चौराहा, घंटाघर, खेड़ीपुरा नाका, बायपास चौराहा, प्रताप टॉकीज, सब्जी मंडी होते हुए मिडिल स्कूल ग्राउण्ड पर सम्पन्न हुई। बाइक रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, रक्षित निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बाईक रैली के समापन पर उपस्थित जनों को तिरंगा शपथ दिलाई गई।

**कलेक्टर ने सेल्फी प्वाइन्ट पर ली सेल्फी** – हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान संचालित किया या। इस दौरान हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता जागरूकता कैनवास पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू, जिला पंचायत के अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किये।

## कल धूमधाम से मनाएंगे वीर दुर्गादास राठौर जयंती

**खिरकिया ।** वीर दुर्गादास राठौर जयंती आज समाज जनों द्वारा उत्सव के रूप में मनाई जाएगी। समाज के अध्यक्ष तोताराम राठौर, नवयुवक मंडल अध्यक्ष पंकज राठौर ने बताया श्री राठौर क्षत्रिय समाज क्षेत्रिय संगठन के तत्वावधान में 13 अगस्त को धूमधाम से जयंती मनाई जाएगी। प्रात 9 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी जो की गुप्ता मांगलिक भवन रेलवे स्टेशन के पास से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक लोग शामिल होंगे। दोपहर 1 बजे समाजजनो का स्नेह भोज होगा साथ ही समाज के मेधावी विद्यार्थियों का प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

# विकास की रफ्तार बढ़ाने हेतु पीआईसी की बैठक



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 12 अगस्त** नपा परिषद की मंगलवार को प्रेसीडेंट इन कौंसिल की बैठक का आयोजन नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, सभापतिगण एवं नपा के अधिकारी और उपयंत्री उपस्थित रहे। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि पीआईसी की बैठक में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर 6 विषय रखे गए थे ।जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 एवं 2.0 एवं कर्मचारियों की नियुक्ति, अनुकंपा नियुक्ति, परीवीक्षा अवधि संबंधी बैठक में निर्णय लिए गए। अधीक्षक श्री सोनी ने बताया कि प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना पर विशेष फोकस रहा,जिससे कि हितग्राहियों के आवेदन पर कार्रवाई कर उन्हें योजनाओं से लाभांवित किया जा सके।

नपा अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि पीआईसी की बैठक में अलग अलग 6 विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना को गति देने पर विचार विमर्श हुआ और उक्त योजना से हितग्राहियों को जल्द से जल्द लाभांवित कराने पर निर्णय लिया गया।

## हर घर स्वच्छता को लेकर निकली तिरंगा यात्रा

**हण्डिया 12 अगस्त** नगर में आज हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता तिरंगा यात्रा हण्डिया ग्राम पंचायत परिसर से आरम्भ हुई। इस यात्रा में स्कूल के छात्र- छात्राओं ने के अलावा भाजपा के जिला- प्रभारी सुभाष शर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय जेवलिया, मण्डल अध्यक्ष मुकेश पटेल, मुकेशओझा मंडल महा मंत्री प्रभु दयाल धनगर, राहुल खत्री, सौरभ अग्निहोत्री आदि ने भाग लिया। मीडिया से चर्चा में जिला प्रभारी सुभाष शर्मा ने बताया है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सभी जिलों व मण्डल केन्द्र में 69 वां स्थापना, दिवस, मनाया गया। तथा हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान को लेकर स्कूली छात्र- छात्राओं, ने नगर में तिरंगा यात्रा रैली निकाली जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुई हण्डिया ग्राम पंचायत में समाप्त हुई.

## अमानक मूंग खरीदने का आरोप

**पिपरिया** समर्थन मूल्य मूंग खरीदी के दौरान साडिया के इंद्रेश वेयर हाउस में मूंग की जांच को लेकर जनपद उपाध्यक्ष ने कलेक्टर के नाम एक पत्र भेजा। जनपद उपाध्यक्ष कुसुमलता पटेल ने कलेक्टर को लिखे पत्र में लिखा कि इंद्रेश वेयर हाउस साडिया में अमानक मूंग की तुलाई की गई है सर्वेयर द्वारा किसान से एक हजार रूपये क्विंटल लिये जाकर अमानक मूंग की तुलाई की है। कलेक्टर से जनपद उपाध्यक्ष ने जांच की मांग करते हुए दोषी पर कार्रवाही करते हुए एफआईआर दर्ज करवाने की मांग की है।

# कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में पुतला फूंका

वोटो की चोरी कर सरकार बनाने वाली केंद्र मे बैठी सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग काम कर रहा है,

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 12 अगस्त** नगर कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन कर स्थानीय जयस्तम्भ चौक पर केंद्र सरकार का पुतला फूंका।

नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा की इलेक्शन कमीशन की वोट चोरी और शांतिपूर्ण तरीके से मार्च निकाल रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे,विपक्ष के नेता राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के नेताओ की गिरफ्तारी के विरोध मे नगर कांग्रेस ने ये विरोध प्रदर्शन किया है ।श्री तिवारी ने कहा की जनमत को लूटकर और वोटो की चोरी कर सरकार बनाने वाली केंद्र मे बैठी सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग काम कर रहा है, चुनाव आयोग जैसी संवेधानिक संस्था जिसको निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए था.

आज चुनाव आयोग द्वारा की गई वोट चोरी से समूचे देश मे आक्रोश है ।ये सरकार पूरी तरह से अवैध सरकार है जो जनता का विश्वास खो चुकी है ।प्रदर्शन मे प्रमुख रूप से नगराध्यक्ष धर्मेद्र तिवारी, अजय सैनी, अनोखी राजोरिया, फ़ैज़ान उल हक़, मधुसूदन यादव, गुलाम मुस्तफ़ा, विजेंद्र राजपूत, कुलदीप राठौर, दीप सिंह सिसोदिया, सुधाकर गौर, बबलू राठौर, कमलेश बाथरे, राजेंद्र दोहरे, रिज़्वान खान, शैलेन्द्र तोमर,कैलाश बाबूजी, अमित खत्री,कपिल यादव, प्रताप ठाकुर, हीरलाल, कीर्ति मिश्रा, आयुष्मान अवस्थी, सिराज खान, चंदू जैन, मुकुल गुप्ता,महमूद फ़ाज़ली, अफराज़ खान, राजेश चौहान,आदि उपस्तिथ रहे।

## शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पिपरिया.** विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शहर के सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालयों से सांदीपनी आरएनए स्कूल, मास्टरमाइंड स्कूल, केवीएम स्कूल, प्राइम मोटिवेशन स्कूल, गर्ल्स स्कूल, ज्ञानदीप स्कूल, बेरसेवा इंटरनेशनल स्कूल ,सेंट जोसेफ स्कूल, के 60 प्रतिभागियों बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिसमे 30 बच्चे जिला स्तर के लिए चयनित हुए ।

# शिक्षा के मंदिर में शराबियों का अड्डा

नवभारत न्यूज

**शोभापुर** – ग्राम के मध्य में स्थित शासकीय उच्चतम माध्यमिक विद्यालय जो आज एक खंडार का रूप धारण कर चुका है जिसमें निरंतर बहुत सी असामाजिक गतिविधियों सुचारू रूप से जारी हैं ।क्या क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विजयपाल सिंह के दौरे के बाद अपने अस्तित्व को लोटा पाएगा यह शिक्षा का मंदिर । जैसा कि ज्ञात है खबरों के माध्यम से निरंतर प्रशासन को अवगत कराने का कार्य पत्रकारों द्वारा जारी है । दिन प्रतिदिन इस स्थान पर कोई ना कोई ऐसी घटना हो जाती है जिससे संपूर्ण ग्राम की शांति भंग नजर होते हुए दिखाई देती है । अभी कुछ दिन पहले ही इस खंडर में कुछ नाबालिक बच्चों द्वारा एक व्यक्ति को पिटे जाने की वीडियो सोशल नेटवर्किंग पर बहुत वायरल हुई थी । जीसके बाद प्रशासन द्वारा भी अति शीघ्र कुछ उचित कदम उठाने की बात कही गई थी। क्या विधायक विजयपाल सिंह का इस स्थान पर आना इस बात का संकेत है की बहुत जल्दी निरंतर हो रही घटनाओं पर प्रतिबंध लगने वाला है ।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इटारसी जिला-नर्मदापुरम**

क्रमांक/ 3571/अविअ / रीडर - 1/2025

इटारसी दिनांक 13/6/25

राजस्व प्रकरण क्रं -0051/अ-6(अ)/2024-25

// विज्ञप्ति //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती संध्या यादव पत्नि राजू यादव निवासी ग्राम केसला तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम के द्वारा आवेदन पत्र अनुसार विधिवत जांच कराकर जांच प्रतिवेदन धारा 115 के अंतर्गत पाँच वर्ष से अधिक अवधि की त्रुटि होने से अभिलेख दुरूस्ती किए जाने की अनुमति हेतु अपर कलेक्टर महोदय नर्मदापुरम को प्रेषित किया गया था। मौजा ग्राम केसला स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 472/3 रकबा 2100 वर्गफुट भूमि का खसरा ऑनलाईन दर्ज नही हो पाया है। आवेदिका प्रश्नाधीन भूमि का खसरा ऑनलाईन दर्ज कराना चाहती है। जिसमें बिन्दु क्रमांक स क्षेत्र में पढ़े जाने वाले दैनिक समाचार पत्रों में संशोधन परिवर्तन घोषणा का इश्तहार प्रकाशन कराए जाने हेतु विज्ञप्ति जारी की जा रही है । अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र धारा 115 के अंतर्गत राजस्व अभिलेखो में हुई त्रुटियों का सुधार कराना चाहती है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 30/08/2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी। समयावधि पश्चात प्राप्त सभी आपत्ति अमान्य की जावेगी ।यह विज्ञप्ति आज दिनांक 13/06/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया.

(टी. प्रतीक राव (I.A.S.)

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ,इटारसी


# नागरिकों ने वीर सैनिकों के सम्मान में लगाए नारे

नवभारत न्यूज

**सिराली, 12 अगस्त** नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई ।मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकालकर देश के जांबाज सैनिकों का सम्मान किया जा रहा है। राधा कृष्ण खेल मैदान से तिरंगा यात्रा प्रारंभ हुई राष्ट्रीय ध्वज लहराते और देशभक्ति के गीतों व नारो से सिराली शहर का माहौल देश प्रेम से सरोबार हो गया। डीजे पर बज रहे देशभक्ति के गीतों ने यात्रा में जोश और उमंग को और बढ़ा दिया। दो पहिया और चार पहिया वाहनों पर सैकड़ो की संख्या में नागरिकों ने देशभक्ति के गीतों के साथ वीर सैनिकों के सम्मान में नारे लगाए,तिरंगा यात्रा खेल मैदान से पुराना बस स्टैंड ,नया बस स्टैंड,मस्जिद मोहल्ला ,राधा कृष्ण मंदिर ,मेघनाथ चौक, गांधी चौक होते हुए राधा कृष्ण खेल मैदान पर समाप्त हुई, वहां पर देशभक्ति के गीतों पर उपस्थित जन समूह ने नृत्य कर पूरे माहौल को देश भक्ति से गुंजायमान कर दिया। तिरंगा यात्रा में पूर्व विधायक अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कुंवर संजय शाह जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह भाजपा उपाध्यक्ष जगदीश सोलंकी मंडल अध्यक्ष अनिल राजपूत लड्डू पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष मांगुले सत्यनारायण शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता एवं नागरिक शामिल रहे। सिराली मंडल अध्यक्ष अनिल राजपूत एवं नरेंद्र राजपूत एवं विनय शर्मा ने नागरिक बंधुओं का आभार माना।

## त्यौहारों के कारण विद्यार्थियों की उपस्थिति कम

**पिपरिया** त्यौहारो के दौरान विद्यार्थियों की स्कूलो में उपस्थिति कम देखी जा रही है ।हथवांस पीएमश्री स्कूल में सोमवार को कक्षा नर्सरी से कक्षा 10वीं तक दर्ज 931 विद्यार्थियों में 91 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य प्रतिभा तिवारी ने बताया कि त्यौहारो के कारण विद्यार्थियों की उपस्थिति कम रही है। 24 शिक्षको में 4 शिक्षक व सुरेश श्रीवास्तव छुट्टी पर है।

# जनसुनवाई में जर्जर बारूद खाना हटाने 7 शिकायतें

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 12 अगस्त** सिवनी मालवा जनपद पंचायत सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जर्जर बारूद खाना हटाने सहित सात शिकायतें आई। कुल सात शिकायत आवेदन जिसमें जनपद पंचायत, नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी और अन्य विभाग से संबंधित शिकायत शामिल थी। डिप्टी कलेक्टर जय सोलंकी ने संबंधित विभागों को सभी शिकायतों को जल्द से जल्द हल करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बानापुरा निवासी अरुण कश्यप ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि अंग्रेजों के जमाने का एक पुराना और जर्जर बारुद खाना है इसका सेड पूरी तरह से टूट चुका है जिससे नागरिकों को आने जाने में बहुत परेशानी होती है।

जीव जंतुओं का ख़तरा मंडराते रहता है। इस पुराने टूटे सेड को तत्काल तुड़वाया जाए। इसी प्रकार कुछ ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र में रेत बहुत अधिक दाम पर मिल रही है जिसके कारण पंचायत के विकास कार्य देरी हो रहै है। पंचायत के कार्य के लिए कम कीमत पर रेत उपलब्ध कराई जाए ताकि विकास कार्य बिना किसी रूकावट के पूरे हो सके। डिप्टी कलेक्टर जय सोलंकी ने सभी शिकायतें संबंधित विभागों को इसका तुरंत समाधान करने के निर्देश दिये।

## पुलिस ने स्पीड ब्रेकर व रेडियम लगवाए

**पिपरिया, 12 अगस्त** पिपरिया बनखेडी जबलपुर मार्ग पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस टीम ने बनखेडी रोड पर स्पीड ब्रेकर और रेडियम लगाये ।पिपरिया बनखेडी जबलपुर मार्ग पर बाइक टकराने,ट्रक पलटने, टेक्ट्रर ट्रालियों के पलटने व टकराने सहित अनेको दुर्घटनाये होने पर वाहन चालक व वाहन सवार गंभीर रूप से घायल भी हुए वही इलाज के दौरान मृत्यु तक हो चुकी है ।मंगलवारा टीआई गिरीश त्रिपाठी द्वारा हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए जबलपुर मार्ग पर सडक हादसो से बचाव हेतु स्पीड ब्रेकर और रेडियम लगाये जा रहे है .

# हेलमेट लगाकर पुलिस वालों ने निकाली तिरंगा वाहन रैली



नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 12 अगस्त** सिवनी मालवा में एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पहले हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली डीजे के साथ थाना परिसर से निकली जिसमें देशभक्ति के गीत बजाएं गए। पुलिस कर्मियों ने हेलमेट लगाकर बाहर चलाएं साथही सुरक्षा और स्वच्छता का संदेश दिया। स्वतंत्रता दिवस की देशभक्ति भावना को जन-जन तक पहुचाया। तिरंगा रैली में एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान, एसडीएम सरोज सिंह परिहार, डिप्टी कलेक्टर जय सोलंकी, थाना प्रभारी राजेश दुबे सहित पुलिस कर्मियों ने हाथों में तिरंगा लेकर निकले। तिरंगा रैली सिवनी मालवा थाना परिसर से निकली जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए हनुमान मंदिर तक पहुंची। रैली में पुलिस विभाग के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए और लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया साथही यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

## डोनाल्ड ट्रंप का पुतला जलाया

**पिपरिया** स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत पूरे देशभर मे अगस्त क्रांति दिवस के रूप में विदेशी चाइनीज वस्तुओं की होली जलाई एवं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया गया। मंगलवारा चौराहे पर विदेशी चाइनीज वस्तुओं की होली जलाई एवं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन अवसर पर उपस्थित नागरिको ने स्वदेशी अपनाने का आव्हान किया एवं पत्रक का वितरण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री स्वदेशी जागरण मंच से केशव डुबोलिया, पूर्व जिला सर्तकता समिति सदस्य अरविंद राय सहित पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।


**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कमलकिशोर पाल आ0 तुलसीराम पाल नि0 मटकुली तह0 पिपरिया जिला नर्मदापुरम् के नाम का डाईवटेंड भूखंड स्थित मौजा मटकुली प.ह.नं. 50 तह0 पिपरिया जिला नर्मदापुरम् जिसका डॉ0ख0नं0 33/2/2 रकवा 558 वर्ग मीटर / 0.0558 हे0 है जिसके पूर्व में पिपरिया पंचमढ़ी रोड पश्चिम में कमलकिशोर का रकवा उत्तर में भगवानदास का रकवा एवं दक्षिण में रेवती प्रसाद का रकवा है उक्त सम्पत्ति को म0प्र0 ग्रामीण बैंक शाखा मटकुली के पक्ष में बंधक रखा जा रही है इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति / प्राईवेट या शासकीय संस्था को आपत्ति हो तो सात दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर लिखित आपत्ति पेश करे। इस जाहिर सूचना की निर्धारित समय अवधि व्यतीत हो जाने के उपरांत कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक :– 12/08/2025 पिपरिया

भवदीय

**कपिल तिवारी** अधिकृत बैंक अधिवक्ता

पिपरिया मो- 9893-222047



हार्दिक शुभकामनाएं



सुधीर गोठी

समाज सेवा में अग्रणी एवं बापू स्मृति कक्ष के संचालक

जन्मदिन की

हार्दिक शुभकामनाएं एवं बहुत-बहुत बधाई....

शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं

हेमंत शुक्ला, मधु भैया, अशोक जमनानी नर्मदापुरम, दिनेश थापक, सुनील वाजपेयी, हरपाल सिंह गांधी, राजेंद्र ठाकुर नर्मदापुरम, शिवाकांत पाण्डे, गुडडन, अनिल मिहानी, अमन अग्रवाल सीए, आरके बंग, अथर खान, श्री प्रकाश भारद्धाज, रमेश चांडक, प्रदीप मालपानी, श्रीमति सुषमा परमहंस, अनिल सोनी, डॉ के सी साहू अशोक शर्मा एडव्होकेट, विनीत चौकसे, कर्मवीर गांधी, वीरेंद्र सिंह वेदी भोपाल, शहजाद सिंह सिवनीमालवा, मुकेश गांधी एवं समस्त मित्र गण